# कार्यालय आत्मा, पूर्वी सिंहभूम

## वर्ष 2021—22 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन'' (SMAE) उपयोजना हेतु आयोजित आत्मा शासकीय निकाय (AGB) की बैठक की कार्यवाही ।

उपस्थिति पंजी अलग से संधारित है।

दिनांक 18.02.2022 को उप विकास आयुक्त—सह—उपाध्यक्ष, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2021—22 "सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन" योजना के क्रियान्वयन हेतु आत्मा शासकीय निकाय का बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।

सर्व प्रथम जिला कृषि पदाधिकारी—सह—परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा माननीय उप विकास आयुक्त—सह—उपाध्यक्ष, आत्मा एवं आत्मा शासकीय निकाय के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् बैठक उप विकास आयुक्त—सह—उपाध्यक्ष, आत्मा के निदेशानुसार बैठक प्रारंभ की गयी ।

वर्ष 2021—22 की उपलब्धि —

1. परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम ने बताया कि निदेशक, समेति, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 341 दिनांक 30.06.2021 द्वारा Sub Mission on Agricultural Extension (SMAE) के तहत् वर्ष 2021—22 में कुल 265.0122 लाख राशि की स्वीकृति प्राप्त है। केन्द्र प्रायोजित योजना Sub Mission on Agricultural Extension (SMAE) के अन्तर्गत वर्ष 2021—22 में किए गए गतिविधियों का लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि निम्न प्रकार है —

| गतिविधियाँ | लक्ष्य इकाई | उपलब्धि इकाइ | विवरण |
|---|---|---|---|
| जिला स्तरीय प्रशिक्षण | 22 — 660 कृषक | 19 — 570 कृषक | कुल 660 कृषकों को विभिन्न विषय यथा मिट्टी नमूना संग्रहण एवं स्वायल हेल्थ कार्ड का उपयोग जैविक विधि से सब्जी की खेती, मशरूम उत्पादन, पशुपालन एवं प्रबंधन, रबी फसल प्रबंधन एवं कीट नियंत्रण, समेकित कृषि प्रणाली, रबी में दलहन/तेलहन फसल की खेती विशय पर प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में जे0एस0एल0पी0एस0 की सखी मंडल की महिला किसानों ने भी भाग लिया ।<br>कुल लाभान्वित बिरसा किसान — 570 |
| **परिभ्रमण** — | | | |
| जिला स्तरीय परिभ्रमण | 22 — 660 कृषक | 18 — 540 कृषक | 1. 240 कृषकों को गर्म जलवायु में होने वाले सेव प्रभेद HRMN-99 की खेती का सिंगपुरा, गुड़ाबांदा में परिभ्रमण कराया गया ।<br>2. 60 कृषकों को नाबार्ड के द्वारा जल संरक्षण पर किए गए कार्य ग्राम धुसरा एवं प्रगतिशील कृषक के द्वारा किए जा रहे नर्सरी प्रबंधन, ग्राम बांसगड़, चुड़दा, पटमदा का परिभ्रमण कराया गया । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 3. 120 कृषकों को ग्राम गोड़गोड़ा, जमशेदपुर में नरेश किस्कु के द्वारा किए जा रहे एप्पल बेर की खेती, जे0 सोरेंग के द्वारा किए जा रहे सुकर पालन एवं अमृत हांसदा द्वारा किए जा रहे मोती की खेती क्षेत्र का परिभ्रमण कराया गया ।<br>4. ग्राम डोभापानी, जमशेदपुर में 60 कृषकों को ड्रीप पद्धति से किए जा रहे खेती एवं ग्राफ्टेड बैंगन की खेती एवं शेडनेट के अंदर खेती का परिभ्रमण कराया गया ।<br>5. 60 कृषकों को वर्मी कम्पोसट उत्पादन इकाई, चाकुलिया गौशाला का परिभ्रमण कराया गया । |
| **प्रत्यक्षण –** | | | |
| कृषि | 20 – 20 कृषक | 20 – 20 कृषक | सभी 11 प्रखण्डों में 1– 2 किसानों प्रति प्रखंड मक्का प्रत्यक्षण हेतू कृषकों का चयन कर बीज एवं उपादान का वितरण किया गया है । कुल – 20 कृषक |
| Allied Sector | 20 – 20 कृषक | 20 – 20 कृषक | सभी 11 प्रखण्डों में वैज्ञानिक तकनीक से मटर की उन्नत खेती का प्रत्यक्षण 20 बिरसा कृषकों के खेतों में किया जा रहा है । |
| **कृषक गोष्ठी –** | 11 | 11 | सभी 11 प्रखण्डों के विभिन्न पंचायतों में कृषक गोष्ठी का आयोजन BTM/ATM के द्वारा किया गया । कृषक गोष्ठी में सुक्ष्म सिंचाई, उद्यान विकास की योजना के तहत् सब्जी प्रत्यक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, धान अधिप्राप्ति पर गोष्ठी आयोजन किया गया । लाभान्वित कृषक – 1000 कृषक |
| **क्षमता विकास –** | 11 | 7 | 7 प्रखण्डों के महिला कृषक समूहों नर्सरी प्रबंधन, मशरूम उत्पादन विशय पर क्षमता विकास प्रशिक्षण BTM/ATM के द्वारा किया गया।<br>कुल लाभान्वित महिला कृषक– 134 |
| **किसान मेला –** | 1 | 1 | सरकार के दो वर्ष पुरे होने के अवसर पर आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 23.12.2021 को पोटका प्रखंड के भाटीन पंचायत परिसर में कृशि उत्पाद प्रदर्शनी का आयोज किया गया । जिसमें पोटका, जमशेदपुर, पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के किसान अपने कृषि उत्पाद के साथ भाग लिए । कृषि उत्पाद/प्रादर्श लाने वाले सभी किसानों को प्रोत्साहन हेतू कृषि उपादान वितरण किया गया । आयोजित कृषि उत्पाद प्रदर्शनी में कुल 220 किसान लाभान्वित हुए । |
| **कृषक पाठशाला–** (सभी 11 प्रखण्ड) | 33 | 33 | सभी 11 प्रखण्डों में BTM/ATM के द्वारा चयनित ग्रामों में कुल 33 कृषक पाठशाला का संचालन किया जा रहा है । प्रत्यक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित होने वाले कुल कृषक–825 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 1. मटर की उन्नत खेती – 13 इकाई<br>2. मशरूम का उत्पादन – 03 इकाई<br>3. फुलगोभी की उन्नत खेती – 02 इकाई<br>4. System of Wheat Intesification (SWI) गेहूँ की खेती –05 इकाई<br>5. स्टेकिंग विधि से टमाटर की खेती – 01 इकाई<br>6. संकर प्रभेद में गोभी की उन्नत खेती – 03 इकाई<br>7. ड्रम सीडर से धान की खेती – 04 इकाई<br>8. मक्का की उन्नत खेती – 01 इकाई<br>9. चने की उन्नत खेती – 01 इकाई |

<u>प्रस्ताव</u> –

**1. केन्द्र प्रायोजित योजना Sub Mission on Agricultural Extension (SMAE) के अन्तर्गत वर्ष 2021–22 के जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) के क्रियान्वयन के संबंध में –**

(i) <u>प्रगतिशील किसान को पुरस्कार</u>

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम ने बताया कि आत्मा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्स्टेंसन योजना अंतर्गत कुल 11 किसानों को कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत करने का प्रावधान है । प्रति पुरस्कार 0.10 लाख के दर से कुल 11 किसानों के लिए कुल 1.10 लाख राशि जिला प्रसार कार्य योजना में कर्णांकित है ।

परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम ने बताया कि सभी प्रखंडों से पत्राचार कर निदेश दिया गया है कि कृषकों का चयन उपलब्ध कराए गए प्रपत्र में प्राप्त कर तुलनात्मक विवरणी बना कर प्रखंड स्तरीय समिति से पारित कराकर उपलब्ध कराएं।

उपरोक्त गतिविधि हेतू आत्मा शासकीय निकाय से स्वीकृति आपेक्षित हैं ।

आत्मा शासकीय निकाय द्वारा प्रति प्रखंड 11 किसानों का चयन कर व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

सभा के अंत में जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, पूर्वी सिंहभूम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

18/2/22
परियोजना निदेशक,
आत्मा, पूर्वी सिंहभूम।

18.2.22
उप विकास आयुक्त–सह–उपाध्यक्ष,
आत्मा, पूर्वी सिंहभूम।